# भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनमत की मोहर लगी : ऊर्जा मंत्री नागर

## डबल इंजन सरकार को राजस्थान की जनता ने भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया : जिलाध्यक्ष जैन

**कोटा,** (निसं)। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा की सीटों में हुई वृद्धि और शानदार विजय पर जश्न मनाया गया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण किया गया। ज्ञातव्य रहे कि राजस्थान में 5 विधायकों के सांसद बनने और 2 विधायकों के निधन के कारण 7 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में जहां भाजपा को बढ़त मिली है वहीं महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार अत्याधिक बहुमत से पुन: बनने जा रही हैं।

इस अवसर पर कोटा शहर जिला भाजपा ने जी.एम.ए.प्लाजा में जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी एक-दूसरे को बधाई दी एवं मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विशिष्ट अतिथि विधायक कल्पनादेवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने की। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोककल्याणकारी नीतियों को यह भारी जनसमर्थन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए बयानबाजी तक ही सीमित रहती है जबकि भाजपा जनता से जुड़े विषयों पर जमीनी स्तर पर जाकर काम करती है।

विधायक लाडपुरा कल्पना देवी ने कहा कि यह भाजपा विचारधारा और उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार



कोटा में भाजपा के द्वारा चुनाव में जीत का जश्न मनाया गया।

और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के खरे उतरने का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सकारात्म परिणाम जनसेवा के लिए नई ऊर्जा भरते हैं। हम जनसेवा की प्राथमिकता के प्रति संकल्पित हैं। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन नें कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय से पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित और उत्साहित किया हैं।

यह प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रप्रथम के संकल्प और लोक कल्याणकारी नीतियों एव विकसित भारत के लक्ष्य को व्यापक जन समर्थन है। जैन ने कहा कि राजस्थान में भी भारतीय जनता पार्टी ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया है अपनी संख्या बल को बढ़ाया है, जो कि भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन समर्थन है। जैन ने कहा कि राजस्थान की सीटो के उपचुनाव पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सिर्फ एक सीट थी जबकि कांग्रेस की चार सीटें थी।

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सीटों को बढ़ाया है और कांग्रेस ने अपनी सीटों को गंवाया है। जो इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में जन समर्थन और विश्वास बड़ा हैं। जैन ने कहा कि चुनाव परिणामों से पार्टी को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया हैं, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

- **यह भाजपा की कल्याणकारी नीतियों की विजय है : विधायक कल्पना देवी**

प्रवाहित हुआ है। इससे हम दोगुनी ताकत से जनता की सेवा करेंगे।

भाजपा मीडिया संपर्क प्रदेश विभाग सह संयोजक अरविंद सिसोदिया बताया कि बैठक में मुख्यरूप से गुर्जर गोड़ महासभा प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मयंक सेठी, सक्रिय सदस्यता अभियान जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, सदस्यता अभियान जिला संयोजक इंद्रमल जैन, जिला महामंत्री चन्द्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष देबू राही, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, जिला मंत्री रेखा खेलवाल, सदस्यता अभियान के सह संयोजक शेलेन्द्र ऋषि, महावीर नायक (बिल्लू), सत्यनारायण शर्मा स्टेशन, मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा गुड्डु, धर्मेंद्र सिंह हाड़ा, रविन्द्र सिंह हाड़ा, पंकज वातस्य, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पूनम जैन, युवा मोर्चा महामंत्री नरेन्द्र मेधवाल, पूर्व जिला मंत्री अशोक जैन, रोहित चंदेल, प्रदीप राठोर, मोनी शारदा, अंजनी राजपूत, ओमप्रकाश साहू, कृष्ण मुरारी सामरिया, प्रियंका गोत्तम, ऋतू सक्सेना सहित आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# डकैती के मामले में फरार आरोपी सुकेत से गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा इलाके मे लगभग डेढ़ माह पुराने डकैती के मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाही करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को सुकेत से गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि नयापुरा इलाके मे लगभग डेढ़ महीने पूर्व एक सुपारी व्यापारी की आंखो में मिर्ची पाउडर डालकर डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी अशफाक की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में नयापुरा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया।

पुलिस टीम ने कार्रवाही करते हुए सुपारी व्यापारी की आंखो में मिर्ची डालकर की गई डकैती के मामले मे फरार चल रहे आरोपी अशफाक हुसैन को कोटा ग्रामीण के सुकेत से बापर्दा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

- **आंखों में मिर्ची डालकर वारदात को अंजाम दिया था**

पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी पर तीन हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया था। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था।

**यह था मामला:**-शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि सात अक्टुबर को रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी निवासी राकेश जैन ने नयापुरा थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई की पुरानी सब्जीमंडी लिंक रोड़ पर जैन सुपारी



डकैती के मामले में फरार आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया।

स्टोर के नाम से दुकान है।

रिपोर्ट में कहा कि रात्रि 9 बजकर 15 मिनट पर अपनी दुकान बंद करके स्कूटी से जाते समय अग्रसेन सर्किल रोड़ पर तालाब की पाल के समीप दो बाईक पर चार-पांच लोग आये, और स्कूटी के आगे बाईक को लगाकर रोका और आंखों मे मिर्ची पाउडर डालकर बैग छीनकर ले गये। बैग मे 50 हजार नकद, चांदी के सिक्के थे। पुलिस ने फरियादी राकेश जैन की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुऐं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पूर्व में पकड़े गये आरोपी-शहर एसपी ने बताया कि सुपारी व्यापारी राकेश जैन से डकैती के मामले में पूर्व में सुनील कुमार उर्फ बंटी, अलाउद्दीन उर्फ अली, अंकुश कुमार, अंकित कुमार, अजाउद्दीन उर्फ खाजू उर्फ इरफान, अरबाज हुसैन और गोलू लुहार को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जेईई-मेन 2025 : 16 लाख से अधिक आवेदन हो सकते हैं

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 में अब तक के सर्वाधिक करीब 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन करवाने की उम्मीद है। हाल ही में जेईई-मेन जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया 22 नवम्बर को समाप्त हुई है। इसमें 13.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। परीक्षा 22 से 31 जनवरी के प्रत्येक दिन दो पारियों में संपन्न होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित

- **जनवरी सेशन के लिए 13.95 लाख रजिस्ट्रेशन हुए**

आहूजा ने बताया कि गत वर्ष पहले सेशन के लिए 12 लाख 21 हजार 764 ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इस वर्ष 22 नवम्बर को रात 9 बजे तक करीब 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जनवरी में होने वाली इस परीक्षा के बाद अप्रैल जेईई-मेन के लिए पुन: आवेदन होंगे। हर वर्ष का ट्रेंड देखें तो करीब 2 से 2.50 लाख स्टूडेंट्स ऐसे होते हैं जो कि यूनीक कैंडिडेट के रूप में अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन करते हैं।

यदि इस वर्ष भी इतने ही स्टूडेंट्स आवेदन करते हैं तो इस वर्ष जेईई-मेन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 16 लाख हो सकती है, जो कि अब तक की सबसे अधिक होगी। आवेदन में हुई गलतियों के लिए करेक्शन का विकल्प 26 एवं 27 नवम्बर को दिया जाएगा।

इसमें स्टूडेंट्स आवेदन में भरी हुई सभी जानकारियों में बदलाव कर सकेंगे। करेक्शन के दौरान स्टूडेंट्स मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, वर्तमान और स्थाई पता, इमरजेंसी कॉन्टेक्ट डिटेल्स और फोटोग्राफ में करेक्शन नहीं कर सकेंगे।

इसके अलावा अपने नाम, पिता के नाम, माता का नाम, कक्षा 10, 12, पेन कार्ड की डिटेल्स, एग्जामिनेशन सिटी, परीक्षा का माध्यम, जन्म दिनांक, जेंडर, कैटैगिरी, सब कैटेगिरी, हस्ताक्षर और प्रश्नपत्र के विषय में बदलाव कर सकते हैं। करेक्शन करने का मौका एक बार दिया जाएगा, यदि करेक्शन करके फ्रीज कर दिया जाता है तो उसमें समय रहने के बावजूद दुबारा करेक्शन नहीं किए जा सकेंगे। स्टूडेंट्स करेक्शन के बाद अपन नया कन्फर्मेशन पेज डाउनलोड कर करेक्शन की पुष्टि कर सकते हैं।

# रेलवे में पत्थरबाजी की घटनाओं पर अंकुश हेतु आरपीएफ की कार्रवाई

**कोटा,** (निसं)। भारतीय रेलवे के संरक्षित परिचालन और यात्रियों की सुरक्षा हेतु पत्थरबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रभावशील कदम उठाये जा रहे है। इन घटनाओं ने न केवल रेल यातायात को प्रभावित किया है, बल्कि यात्रियों की जान को भी संकट में डाला है। इसी कड़ी में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पश्चिम मध्य रेल ने भी पत्थरबाजी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। रेल सुरक्षा बल पमरे द्वारा वर्ष 2024 में रेल गाड़ियों में पत्थरबाजी करने वाले 43 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हेम रेलवे न्यायालय के तहत कार्यवाई की गयी है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा उठाए गए कदम-विशेष गश्त और निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की तैनाती बढ़ी गयी, सुरक्षा बलों टीम में समन्वय स्थापित किया गया है, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त चौकसी बढ़ाई गयी, यात्री जागरूकता अभियान चलाया गया, कानूनी कार्रवाई और सजा का प्रावधान, रेल अधिनियम की धारा 152 और 153 के तहत यह सजा तय की गई है। जिसमें पत्थरबाजी करने वाले अपराधियों को आजीवन कारावास या दस वर्ष तक के कारावास की सजा हो सकती है, रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों से अपील करता है कि वे अपने आसपास की स्थिति पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक कृत्य के बारे में तुरंत आरपीएफ या स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# चलती ट्रेन में यात्री को हार्टअटैक आया, टी.टी.ई. ने सीपीआर दिया

**कोटा,** (निसं)। गाड़ी सं 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक यात्री (कार्डियक अरेस्ट) हृदयाघात के कारण अचेत हुआ तो कोच में अफरातफरी मच गई सूचना मिलने पर गाड़ी में टिकट जांच कर रहे छपरा के उप मुख्य टिकट निरीक्षकों राजीव कुमार एवं मनमोहन कुमार ने बिना देरी किए यात्री को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया अपनाकर य होश में लाया।

साथ ही छपरा स्वास्थ्य यूनिट के डॉक्टर को तुरंत अटेन्ड करने की सूचना भी दी। लगातार सीपीआर देने और कृत्रिम श्वसन देने प्रयासों के बाद यात्री ने अपनी आंखें खोली और बेहतर

- **ऑपरेशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण लिया था**

महसूस करने लगा। अमृपाली एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर पहुंचते ही हेल्थ यूनिट छपरा के डॉक्टर ने अटेन्ड किया। उक्त दोनों उप चल टिकट निरीक्षकों को कर्मयोगी प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया का कार्यसाधक ज्ञान था इसलिए वे यात्री का जीवन बचा सके। इसके लिए यात्री ने रेलवे कर्मचारियों की सहायता एवं मेडिकल ज्ञान की सराहना की उसके सहयात्रियों ने भी रेलवे कर्मचारियों को हृदय से आभार प्रकट किया।

रेल प्रशासन द्वारा रेल कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रारम्भ मॉड्यूल' के माध्यम से इस पाठ्यक्रम से निश्चिय ही कर्मचारियों के कार्य क्षमता में सुधार हो रहा है तथा रेल उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं में उत्कृष्टता आ रही है। रेलवे प्रशासन अपने कर्मचारियों को नित नये-नये तरीकों से प्रशिक्षित कर अपने उपभोक्ताओं विशेषकर रेल यात्रियों को बेहतर से बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे अपने कर्मचारियों को यात्री सेवा कार्यों में निपुण बनाने के साथ ही कार्य क्षमताओं को विकसित करने हेतु 'कर्मयोगी मॉड्यूल' में प्रशिक्षित किया है।

# 'मन में 24 घंटे में आते हैं 60 हजार विचार, उनमें से 80 प्रतिशत तक नकारात्मक'

**कोटा,** (निसं)। वर्धमान महावीर खुला विश्विद्यालय में आयोजित हुई "ध्यान-जीवन के महत्व" शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी मुख्य वक्ता के रूप में वित्-नियंत्रक महेश चंद मीणा ने ध्यान के इतिहास, अर्थ, सावधानियां, विधि, उपाय व लाभों को रेखान्तित करते हुए विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय साहित्य में अमुल्य ज्ञान है जैसे गणित व खगोलशास्त्र तथा उसका समयानुकूल प्रयोग करना चाहिए। वर्तमान में तनाव व अवसाद आदि मानसिक व्याधियों का ध्यान से समाधान किया जा सकता है। मस्तिष्क

- **खुला विश्वविद्यालय में ध्यान के महत्व पर संगोष्ठी हुई**
- **'नकारात्मक विचारों को रोकना व अपना मन एकाचित करना ही ध्यान है'**
- **'विचार शून्यता, वर्तमान में जीने व भाव निरपेक्षता की जरुरत बताई**

हार्डवेयर है व विचार सॉफ्टवेयर-मनुष्य का चेतन मन मात्र दस प्रतिशत होता है जबकि अवचेतन मन का हिस्सा नब्बे प्रतिशत है जिसमे प्रति मिनट 50 तरह के विचार आते है।

जिससे भी अधिकतर नकारात्मक, इन्ही विचारों को रोकना व अपना मन एकाचित करना ही ध्यान है। मीणा ने विचार शून्यता, वर्तमान में जीने व भाव निरपेक्षता की जरुरत बताई। ध्यान का सही समय ब्रह्ममुहर्त है जो सूर्योदय से 48 मिनट पहले तक रहता है। पेट का खाली होना, मेरुदंड का सीधा रहना, शारीरिक-मानसिक शून्यता ध्यान के लिए आवश्यक है।

ध्यान की शुरुआत के लिए हम छोटा लक्ष्य रखकर, प्राणायाम के माध्यम से गहरी सांसे लेकर कर सकते है। ध्यान से हम अपनी याददाशत, बेहतर जीवन व अध्यात्मिक विकास कर सकते है।

डॉ.कपिल गौतम ने ध्यान और योग की महत्ता गीता व पतंजलि योग सूत्र के दृष्टांतों से समझायी द्यकार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो.कैलाश सोडाणी ने की।

क्षेत्रीय केन्द्र निदेशक डॉ दिलीप कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलसचिव सरिता, निदेशक अकादमिक प्रो.बी.अरुण कुमार व निदेशक सीका डॉ.अनुराधा दुबे भी मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. संदीप हुड्डा ने किया।

# 'महाराष्ट्र की जीत विकास और राष्ट्रवाद की जीत'

**कोटा,** (निसं)। महाराष्ट्र में महायुति ने बाजी मार ली है और बंपर बहुमत हांसिल हुआ है। महाराष्ट, राजस्थान और यूपी की जीत राष्ट्रवाद और विकास की जीत है।

देश में इतनों सालों से कांग्रेस भ्रम फैलाकर लोगों को बरगलाने का कार्य करती रही है, वहीं दूसरी और भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ते हुए देश को गौरवांवित कर रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही।

उन्होंने महाराष्ट्र में हुए चुनाव

- **राजस्थान में भाजपा पर विश्वास, कांग्रेस को जनता ने नकारा**

और उप चुनाव पर कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा और उसके गठबंधन ने कांग्रेस और शरद पंवार की पार्टी के साथ उद्धव ठाकरे गुट को साफ कर दिया है।

वहीं यूपी उपचुनाव में बीजेपी ने 9 में से 7 सीटों पर जीत दर्ज की है। योगी सरकार पर जनता ने विश्वास जताया है। वहीं राजस्थान में भी भजन लाल सरकार के विकास कार्य और निरंतर सेवा के भाव पर जनता ने मोहर लगाई है।

पंकज मेहता ने कहा कि कांग्रेस का सूर्य अब अस्त हो गया है, डूबती नाव में जो भी सवारी कर रहा है वह भी डूब रहा है। उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जता रहे हैं और उनके नेतृत्व में देश दिन रात तरक्की कर रहा है।

राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय गौरव देश प्राप्त कर रहा है। पंकज मेहता ने कहा कि कांग्रेस अब लुप्त होती नजर आ रही है और लोग ईमानदार, राष्ट्रप्रेम से लबरेज पार्टी पर विश्वास जता रही है।

# सकारात्मक दृष्टिकोण और तनाव प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में शनिवार को सकारात्मक दृष्टिकोण और तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों और फैकल्टी के लिए आयोजित किया गया, जिसमें सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व और उसके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा करते हुए बताया कि सकारात्मक सोच न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह व्यक्ति को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने में मदद करती है।

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा शर्मा ने विभिन्न उदाहरणों और अपने निजी जीवन के व्यवहारिक अनुभवों को साझा करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के प्रभाव को समझाया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में सकारात्मकता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों ने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में



कोटा में सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने सकारात्मक दृष्टिकोण पर व्याख्यान दिया।

सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सत्र में आइजन हॉवर मैट्रिक्स के जरिए तनाव प्रबंधन की व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य की योजना बनाने, प्राथमिकताओं को तय करने और कार्यों को व्यवस्थित करने के तरीकों पर भी

- **पॉलिटेक्निक संस्थान में छात्रों और फैकल्टी के लिए प्रभावशाली सत्र संपन्न**

प्रकाश डाला गया। आकांक्षा शर्मा ने छात्रों को जीवन में आने वाली समस्याओं को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हल करने और तनाव को कम करने के लिए आत्ममूल्यांकन और समय प्रबंधन पर जोर दिया। विभाग अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कार्यक्रम में लगभग 40 छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकें सिखाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन डॉ.रक्षा रानी सनाढ्य और डॉ. कविता शर्मा के संयोजन में हुआ। व्याख्यान के दौरान प्रमुख रूप से नरेंद्र जैन, आरती भार्गव, राजेश दाधीच, डॉ.अनिल कुमार खत्री, आरएस बैरवा, अंकिता गौतम और शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस की लापरवाही के चलते मरीज की जान गई

**कोटा,** (निसं)। कोटा के श्रीजी हॉस्पिटल की लापरवाही के चलते एक मरीज की मौत का मामला सामने आया है। निलेश गुप्ता के अनुसार 17 नवंबर को कोटा के शीला चौधरी रोड स्थित राधा-कृष्ण हॉस्पिटल में उनकी मां को भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर थी सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी और ऑक्सीजन सैचुरेशन लेवल को बनाए रखने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट अनिवार्य था।

डॉक्टर ने सीटी स्कैन कराने की सिफारिश की और उन्हें विज्ञान नगर स्थित श्रीजी डायग्नोस्टिक सेंटर भेजा गया जबकि आनंद डायग्नोस्टिक सेंटर नजदीक था। ऐसी स्थिति में उन्होंने श्रीजी हॉस्पिटल की एम्बुलेंस मंगवाई। उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता की खुद पुष्टि की। लेकिन जब उनकी माँ को एम्बुलेंस में बैठाकर ऑक्सीजन मास्क लगाया तो थोड़ी देर बाद उनकी माँ ने इशारा किया कि उन्हें सांस नहीं आ रही। ड्राइवर से कहा गया तो उसने सिलेंडर का वाल्व खोला, लेकिन तब भी ऑक्सीजन नहीं आई। जब निलेश गुप्ता ने सिलेंडर चेक किया तो वह खाली था। इसके बाद श्रीजी सेंटर पहुंचने पर भी अगले 15 मिनट तक ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं हो सकी। कुल 30 मिनट तक उनकी माँ को ऑक्सीजन नहीं मिली, जिससे चलते उनकी मां की हालत और खराब हो गई।

करीब दोपहर 2 बजे सीटी स्कैन का परिणाम आया। तब तक वे माताजी को वापस राधा-कृष्ण हॉस्पिटल लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने बताया कि फेफड़ों में पानी भर गया है और इसे निकालना होगा। उन्हें किसी अन्य रूम में शिफ्ट किया गया। थोड़ी देर बाद उनकी माँ को आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। परिजनों द्वारा जब डॉक्टर और स्टॉफ से जानकारी मांगी गई तो कोई जवाब नहीं मिला। शाम करीब 5 बजे डॉक्टर कमलेश आए लेकिन उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। करीब 6 बजे नर्सिंग स्टॉफ ने परिजनों को बताया कि डॉक्टर बुला रहे हैं। अंदर जाने पर पता चला कि उनकी माँ को वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टर ने बताया कि उनका रेस्पिरेटरी सिस्टम काम नहीं कर रहा है और उम्मीद बहुत कम है। मॉनिटर पर पल्स 40 से नीचे थी। डॉक्टर ने दूसरे हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की सलाह दी। कोटा हार्ट में जान-पहचान के डॉक्टर से परिजनों द्वारा बात की गई और एक वेंटिलेटर सुविधा वाली एम्बुलेंस का इंतजार किया गया।

जैसे ही उनकी माँ का स्ट्रेचर एम्बुलेंस में पहुंचा ड्राईवर से कहा गया कि वेंटिलेटर ऑन करें। उसने जवाब दिया, 'क्या जरूरत है?' जबकि वेंटिलेटर सुविधा के लिए ही एम्बुलेंस का इंतजाम किया गया था। ड्राईवर ने कहा कि अस्पताल सिर्फ 300 मीटर दूर है और 5 मिनट में पहुंच जाएंगे। एक नर्सिंग स्टॉफ मैन्युअल तरीके से एयर दे रहा था। जब वह कोटा हार्ट पहुंचे, उनकी माँ को डेड घोषित कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि उनकी मृत्यु 15 से 30 मिनट पहले हो चुकी थी। इसका मतलब या तो राधा-कृष्ण हॉस्पिटल में या एम्बुलेंस में ही उनका निधन हो गया था। परिजनों ने कहा कि यह हादसा केवल एक हादसा नहीं बल्कि लापरवाही की पराकाष्ठा है। ऐसे कितने मरीज हैं जो इस पीड़ा से गुजरते हैं लेकिन कोई आवाज नहीं उठाता। निजी एंबुलेंस सेवाओं की पूरी व्यवस्था एजेंटों, दलालों और निजी अस्पतालों के भरोसे चल रही है। सरकारी अधिकारी इस बात से बिल्कुल अनजान हैं कि उनकी नाक के नीचे क्या हो रहा है।

**विधिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद उस्मान पुत्र अब्दुल रॉफ के स्वामित्व का एक मकान (पूर्वी भाग) पैमायशी 150 वर्गफीट वाके मेला बस स्टेण्ड के पास कैथून जिला कोटा में स्थित है। यह कि उक्त मकान मेरे पक्षकार को उनके पिता अब्दुल रॉफ द्वारा जर्ये रजि. दानपत्र दिनांक 23.09.2024 से प्राप्त हुआ था। यह कि उक्त मकान अब्दुल रॉफ को जर्ये पारिवारिक विभाजन पत्र दिनांक 20.9.2024 से प्राप्त हुआ था। यह कि उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार का ही स्वामित्व व आधिपत्य चला आ रहा है। व उक्त मकान का मेरे पक्षकार द्वारा कोई पट्टा/लीज डीड जारी नहीं करवाई गई है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक में रहन रख कर ऋण लिया जा रहा है। इस ऋण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी आमजन को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक: 23.11.2024

अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032,
सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4232 जाहिर आम सूचना दिनांक - 23.11.2024

आवास संख्या 1-ग-11 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सतराम दास पुत्र श्री फागुण मल को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री सतराम दास पुत्र श्री फागुण मल द्वारा दिनांक 31.03.1992 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री सतराम दास पुत्र श्री फागुण मल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 18.8.1993 को श्रीमती राम प्यारी अरोड़ा पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश अरोड़ा एवं श्री मदन मोहन अरोड़ा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश अरोड़ा को संयुक्त रुप से किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती राम प्यारी अरोड़ा पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 12.12.2001 को हो चुकी है। श्रीमती राम प्यारी अरोड़ा पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश अरोड़ा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 31.07.1997 को इनके पुत्र श्री मदन मोहन अरोड़ा के पक्ष में आलेखित की गई। श्री मदन मोहन अरोड़ा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश अरोड़ा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.10.2002 को श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा को किया गया। श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ग-11 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा